आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.01.2026 **समय : 02.10 pm**

स्टार्टअप इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि यह दिवस युवाओं के साहस, नवाचार और उद्यमशीलता का उत्सव है, जिसने वैश्विक स्टार्टअप इकोसिस्टम में भारत की स्थिति मजबूत की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों के कारण स्टार्टअप्स को अंतरिक्ष और रक्षा जैसे नए क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। इधर, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश के युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन रहे हैं। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर स्टार्टअप जगत से संवाद करेंगे।

शिवराज-बीज अधिनियम

सरकार आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम 2026 पेश करेगी। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कानून का उद्देश्य खराब गुणवत्ता वाले, नकली और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है।

मुख्यमंत्री सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नर्मदापुरम जिले के माखन नगर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में लाड़ली बहना योजना की 32वीं किश्त का अंतरण करेंगे। इस दौरान प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे। इसके साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी दी जाएगी। कार्यक्रम में विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी होगा। लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में पात्र महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है।

IPS सर्विस मीट

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित IPS सर्विस मीट–2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली और पुलिस अधिकारियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने अपनी दृढ़ता और रणनीति से नक्सल मूवमेंट को पूरी तरह समाप्त कर नक्सल मुक्त मध्यप्रदेश का संकल्प साकार किया है। उन्होंने मप्र पुलिस के नवाचार, सामर्थ्य और दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि राज्य पुलिस बल ने जनकेंद्रित प्रशासन और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था का देश के सामने उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है

समागम

देश में पहली बार सबसे बड़े महाभारत समागम का आयोजन आज से भोपाल में शुरू हो रहा है। नौ दिवसीय यह सांस्कृतिक आयोजन 24 जनवरी तक भारत भवन में होगा, जिसका शुभारंभ आज मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित इस समागम में महाभारत के विविध आयामों पर नाटक, नृत्य-नाट्य, लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियां, अंतरराष्ट्रीय फिल्म प्रदर्शन और इमर्सिव डोम थियेटर के माध्यम से शांति, संवाद और विवेक का संदेश दिया जाएगा। इस आयोजन में भारत के साथ इंडोनेशिया, श्रीलंका और जापान के रंग समूह अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

ओलम्पियाड

प्रदेश में आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड का आयोजन शुरू हो गया है। यह परीक्षा प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है। ओलम्पियाड में कक्षा 2 से 8 तक के लगभग 2 लाख चयनित विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए परिवहन, भोजन व अन्य व्यवस्थाएं विभाग द्वारा की गई हैं। जिला कलेक्टरों को परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

समाचार संक्षेप –

- पन्ना टाइगर रिजर्व के मड़ला गेट पर आयोजित सात दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल कल संपन्न हुआ जिसमें महिलाओं द्वारा स्थानीय हस्तनिर्मित उत्पादों का स्टॉल लगाया गया

- 4जी एमपी एनसीसी बटालियन कटनी के दो कैडिट का चयन गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विंग में हुआ है।

- नई चेतना जेंडर अभियान 4.0 के अंतर्गत "हौसलों की उड़ान" कार्यक्रम के तहत इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्व सहायता समूह की 600 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया।

- मकर संक्रांति पर्व पर मंडला जिले में नर्मदा संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने पुण्यकाल में आस्था की डुबकी लगाई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने भी मां नर्मदा का पूजन किया।

....